प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

झारखंड में विभिन्न दलों के नेता अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने की आखिरी कोशिश में लगे हैं। लोकसभा के सातवें और आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम जाएगा। राज्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा और साहिबगंज में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए लोगों से विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं को और तेज करने के लिए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने का आह्‌वान किया।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन ने साहिबगंज और दुमका में बैठक करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को विकास के नाम पर गुमराह कर रही है। राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के नेताओं ने भी आज रैलियां और रोड शो किए। झारखंड के संथाल क्षेत्र के तीन निर्वाचन क्षेत्रों गोड्डा, दुमका और साहिबगंज में एक जून को मतदान होगा।

****

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अंतिम चरण में राजमहल लोकसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर सशस्त्र बलों और बलों के कम्पनी कमांडरों के साथ बैठक की। इस दौरान मतदान से पहले फ्लैग मार्च, एंटी क्राइम चेकिंग, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, मतदान के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने की जानकारी दी गई।

****

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की समाप्ति के दिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम और चुनाव अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल होंगे। वे एक जून को दिल्ली जाएंगे।

****

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार जून को मतगणना होगी। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए कृषि बाजार समिति पंडरा में मतगणना स्थल बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी के अलावा कोई भी व्यक्ति मतगणना भवन में मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से मतगणना स्थल पर निर्देशों का पालन करने की अपील की।

****

पीएमएलए कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत आठ लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। अगली पेशी तेरह जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। हेमंत सोरेन एक फरवरी से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

****

टेंडर कमीशन मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को चौदह दिनों की पूछताछ के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार भेज दिया गया।

****

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा तीस मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है।

****

लातेहार जिले में भीषण गर्मी से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

****

राज्यभर में गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रांची समेत प्रदेश के अठारह जिलों का अधिकतम तापमान बयालिस डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। गढ़वा जिले का तापमान अड़तालिस तो

पलामू जिले का तापमान सैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची में कल इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा बयालिस डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग ने आज पलामू, गढ़वा और चतरा के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

****